J9JHEA

# अध्याय 11 मुद्रा





क्या तुम इन चित्रों में दिखाए गये सभी सिक्कों और नोटों को पहचानते हो? क्या इनके अलावा और भी नोट और सिक्के होते हैं? इस बारे में अपने साथियों और शिक्षक से बातचीत करो।

तुम बता सकते हो कि यह किस काम आते हैं?

क्या सभी सिक्के एक जैसे हैं?

क्या सभी नोटों का रंग एक ही है?

क्या सभी नोटों की लंबाई बराबर है?

क्या सभी नोटों की चौड़ाई बराबर है?

## कितने रुपये, कितने पैसे

| | |
|---|---|
|  | 1 रुपये 75 पैसे |
|  | --- रुपये 60 पैसे |
|  | --- रुपये --- पैसे |

किसी दुकान से सामान खरीदते समय हमें जल्दी से हिसाब करना होता है।

क्या तुम इस प्रश्न का उत्तर, जल्दी से बिना कागज पेन्सिल की मदद लिये, बता सकते हो?

10 रु. का एक नोट, 2 रु. का एक नोट, 25 पैसे का एक सिक्का सब मिलाकर कितना हुआ?

10 रु. + 2 रु. + 25 पैसे = 12 रुपये 25 पैसे

इसी प्रकार

5 रु. + 20 रु. + 50 पैसे + 20 पैसे = 25 रूपये 70 पैसे

## जल्दी–जल्दी बताओ।

10 रु. + 5 रु. + 10 पैसे + 5 पैसे = --- रुपये --- पैसे

20 रु. + 1 रु. + 25 पैसे = --- रुपये --- पैसे

5 रु. + 2 रु. + 25 पैसे + 10 पैसे =

1 रु. + 10 रु. + 50 पैसे + 20 पैसे =

50 रु. + 20 रु. + 20 पैसे + 10 पैसे =

1 रु. + 25 पैसे + 20 पैसे =

5 रु. + 20 पैसे + 5 पैसे =

20 रु. + 10 रु. + 50 पैसे + 10 पैसे =

## आओ खेलें खेल


अपने साथियों के साथ मिलकर कागज पेन्सिल और रंगों से बहुत से सिक्के और नोट बनाओ। सभी नोट अलग–अलग रंगों के और सुन्दर हों। 1 रुपया, 2 रुपये,





5 रुपये, 10 रुपये, 20 रुपये, 50 रुपये और 100 रुपये सभी के 10–10 नोट बना लो।

अलग–अलग तरह के खिलौने ,चित्र मिट्‌टी या प्लास्टिक के बने फल आदि जमा करो और एक दुकान बना लो, दो बच्चे दुकानदार बनें। दुकान में सभी चीजों पर उनका मूल्य लिख दो।









अपने बनाये नोट सभी साथियों में बराबर–बराबर बाँट लो और दुकान से अपनी मनचाही चीजें खरीदो। अपना हिसाब खुद करो और समझ न आने पर अपने साथियों से या शिक्षक से पूछ लो।

## चलो सिक्के बनाएँ

सिक्के बनाने के लिये कोई भी सिक्का लेकर उसके ऊपर कागज रखो और पेंसिल को कागज के ऊपर हल्के–हल्के चलाओ।

देखा! बन गया सिक्का। इसी तरह अन्य सिक्के भी बना लो, और इन सभी सिक्को को कैंची से सावधानीपूर्वक काट लो। चाहो तो इसे मोटे कागज पर चिपका लो। ऐसे तुम्हारे पास बहुत सारे सिक्के बन जाएँगे।

खेल के लिये 10 पैसे, 20 पैसे, 25 पैसे, 50 पैसे, 1 रुपया, 2 रुपये और 5 रुपये के सिक्के बनाओ। जो सिक्के न मिलें उन्हें अपने पिताजी, माँ या शिक्षक से ले लो और अपने सिक्के बनाकर वापस कर दो।

## सोचो और बताओ– (मौखिक)

1. एक चॉकलेट 50 पैसे में मिलती है। दीपा 10 पैसे वाले कितने सिक्के देकर चॉकलेट खरीद सकती है?
2. मीता पेन्सिल खरीदना चाहती है। पेन्सिल का मूल्य 75 पैसे है। मीता को 25 पैसे वाले कितने सिक्के देने होंगे?
3. एक कॉपी की कीमत 5 रुपये है। अनिल के पास 2 रुपये के दो नोट हैं। कितने रुपये और मिलाने पर वह कॉपी खरीद पायेगा?
4. प्रिया के पास 2 रुपये का एक नोट और 1 रुपये वाले तीन सिक्के हैं। बताओ उसके पास कुल कितने रुपये हैं?
5. 10 रुपये के एक नोट के बदले में 2 रुपये वाले कितने नोट मिलेंगे?
6. मोनू के पास 20 रुपये का एक नोट और 2 रुपये के दो नोट हैं। कितने रुपये और मिलाने पर उसके पास 25 रुपये हो जाएँगे?
7. सोनाली के पास 50 पैसे का एक सिक्का और 25 पैसे का एक सिक्का है। सोनाली के पास कुल कितने पैसे हैं?
8. 20 पैसे वाले तीन सिक्के और 25 पैसे का एक सिक्का मिलाने पर कुल कितने पैसे होंगे?
9. 20 रुपये वाले एक नोट के बदले में 5 रुपये वाले कितने नोट मिलेंगे?
10. एक रबर का मूल्य 80 पैसे है। 20 पैसे वाले कितने सिक्के देकर रबर खरीद सकते हैं?

## रुपये बनाओ।

क्या तुमने कभी सोचा है कि कोई वस्तु खरीदते समय हम उसकी कीमत अलग–अलग तरह के नोटों से चुका सकते हैं।

जैसे 8 रुपये की किताब खरीदने पर हम नीचे लिखे तरीकों से कीमत दे सकते हैं–

<u>पहला तरीका</u>–

5 रु. का एक नोट
\+ 2 रु. का एक नोट
\+ 1 रु. का एक नोट
________________
= 8 रु.




## दूसरा तरीका–

2 रु. के चार नोट = 8 रु.

क्या ऐसे और भी तरीके हो सकते हैं?

**सोचकर नीचे लिखो**

**तीसरा तरीका– चौथा तरीका–**

### अब अभ्यास करो।

1. अलग–अलग तरह के नोटों से दो तरीकों से 7 रुपये बनाओ।
2. अलग–अलग नोटों के उपयोग से तीन तरीकों से 11 रुपये बनाओ।
3. अलग–अलग नोटों का उपयोग कर तीन प्रकार से 18 रुपये बनाओ।
4. 14 रुपये की सब्जी खरीदने पर कितने तरीकों से कीमत दी जा सकती है?
5. 23 रुपये का सामान खरीदने पर कितने तरीकों से कीमत चुका सकते हैं?
   इसी तरह के और प्रश्न बनाओ और अपने साथियों से पूछो।

### इबारती प्रश्न

1. हेमवती को किताबें खरीदने के लिये 100 रुपयों की जरूरत है। उसके पास अभी 40 रुपये हैं। किताबें खरीदने के लिये उसे कितने रुपये और चाहिए?
2. निशा को 350 रुपये का रेडियो खरीदना है। वह 5 रुपये रोज जमा करती है। कितने दिनों में वह 350 रुपये जमा कर लेगी?
3. अमित ने 5 रुपये की शक्कर खरीदी। उसने दुकानदार को 10 रुपये दिये। दुकानदार कितने रुपये वापस करेगा?
4. रजिया ने 12 रुपये का खिलौना और 5 रुपये के गुब्बारे खरीदे। बताओ, वह दुकानदार को कितने रुपये देगी?
5. शैलू ने 40 रुपये का सामान खरीदा और दुकानदार को 50 रुपये का नोट दिया। बताओ उसे कितने रुपये वापस मिलेंगे?
6. एक कॉपी की कीमत 7 रुपये है। 21 रुपये में कितनी कॉपियाँ खरीद सकते हैं?
7. एक किसान ने धान रोपाई के लिए 140 रुपये, निंदाई के लिए 85 रुपये मजदूरी दी। बताओ, उसने कितनी मजदूरी दी?
8. एक पंचायत अपने स्कूल के लिए 120 रुपये वृक्षारोपण पर, 80 रुपये कक्षा सजावट पर तथा 65 रुपये बालसभा में खर्च करती है तो बताओ, पंचायत कितने रुपये खर्च करती है?
9. ओमी अपने गुल्लक में रोज 3 रुपये जमा करता है तो वह सात दिनों में कुल कितने रुपये जमा करेगा?
10. एक कुर्सी की कीमत 140 रुपये थी। अब कुर्सी की कीमत 160 रुपये हो गयी। बताओ कुर्सी की कीमत कितनी बढ़ गई?

J9TDFX